हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
24 अप्रैल 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए मज़बूत बुनियादी ढांचे में निवेश ज़रूरी है।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हुआ।
- बी.जे.पी. नेता ज्ञानचंद गुप्ता, राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा और सुभाष बराला ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया।
- बहुजन समाज पार्टी ने पवन रंधावा और आज़ाद समाज पार्टी कांशी राम ने कमल कुमार बराड़ा को अंबाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया।
- हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी।
- पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकरी यश गर्ग ने चुनाव संबंधी प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहे 326 अधिकारियों एवं कर्मचरारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

..................................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी है। श्री मोदी ने आज आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर नई दिल्ली में शुरू हुए दो दिवसीय छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वीडियो संदेश के माध्यम से यह बात कही। उन्होंने कहा कि आपदाओं को अक्सर आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन इनका व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर वास्तव में बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।
उन्होंने नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आपदा के बाद पुनर्निर्माण के प्रयासों में मजबूती के पहलू पर जोर दिए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि आपदाओं का प्रभाव सीमाओं से परे होता है और इससे निपटने के लिए देशों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी है।

..................................................................................

हरियाणा में चुनाव प्रचार धीरे धीरे तेज़ होता जा रहा है। फिलहाल सबसे पहले अपने प्रत्याशी घोषित करने वाली भारतीय जनता पार्टी लोगों से लगातार संपर्क साध रही है जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित न होने के बावजूद कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा रोहतक क्षेत्र में चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं।

जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल ने भी अब तक घोषित उम्मीदवारों के हलकों में प्रचार तेज़ किया है।

आज करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने राज्य सरकार द्वारा बनाई गई खेल नीति एवं योजनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया और भारतीय जनता पार्टी का साथ देने का वादा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश की सभी सीटों पर उनकी पार्टी को बड़ी जीत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं बी.जे.पी. नेता बबिता फोगाट ने भी खिलाड़ियों के साथ चुनाव को लेकर चर्चा की।

जींद में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बी.जे.पी. उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और कहा कि बीजेपी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है जबकि कांगेस जनकल्याण के मुद्दों से भटक कर तुष्टिकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव मिंडकौला में एक जनसभा को संबोधित किया और गत 10 वर्षों में हुए विकास कार्य गिनवाते हुए लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में बी.जे.पी. प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने बावल विधानसभा क्षेत्र के कुंड कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित किया और उम्मीद जताई कि युवा शक्ति भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में मदद करेगी। उन्होंने मतदाताओं को देश के विकास के लिए केंद्र सरकार में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की।

..........................................................................................

अंबाला से लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के पक्ष में आज बी.जे.पी. नेता ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा पंचकूला में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की मंशा पर जो आशंका जाहिर की है वो सही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज देश को जाति, अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक और आरक्षण के नाम पर बांट रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में तुष्टिकरण को उजागर किया है।

..........................................................................................

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण चाहती है जो बेहद खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया था कि भारत में धर्मके नाम पर आरक्षण नहीं होगा। आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में श्री जांगड़ा ने कहा कि देश में हो रहे विकास के कारण एक के बाद एक हार से बौखलाई कांगेस अब तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर आई है।

..............................................................................

आज अंबाला जिले के मुलाना कस्बे में बहुजन समाज पार्टी के पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के राज्य प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने अंबाला लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया।

पार्टी ने पवन रंधावा को अंबाला लोकसभा हलके से अपना प्रत्याशी बनाया है। उधर आज़ाद समाज पार्टी कांशी राम ने अंबाला के दोसड़का में हुई एक बैठक में कमल कुमार बराड़ा को अंबाला लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार ने कहा है कि उनकी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी।

..............................................................................

हरियाणा में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जायेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि नामांकन का समय शुरू होने से पहले पीठासीन अधिकारी द्वारा सुबह 11 बजे राज्य की आधिकारिक भाषा एवं अंग्रेजी में सार्वजनिक सूचना जारी की जायेगी, जिसे पंचायत समिति, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक कार्यालयों में चस्पा किया जायेगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि नामांकन सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक जमा करवाये जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई है।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जायेगी और नामांकन दाखिल करने के लिए जारी दिशा निर्देशों की किसी भी प्रकार की अवहेलना होने पर निर्वाचन आयोग संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

..............................................................................

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग ने पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों से संबंधित प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहे 326 अधिकारियों व कर्मचरियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें कल तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

श्री गर्ग ने कहा कि जवाब संतोषजनक न होने पर उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। यह प्रशिक्षण शिविर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा पंचकूला में 8 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया था जिसमें प्रशिक्षण के लिए 2 हज़ार 283 अधिकारियों व कर्मचारियों को बुलाया गया था।

..............................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल के जैन आराधना मंदिर में भगवान महावीर जी के जन्म कल्याणक निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। श्री सैनी ने जैन मंदिर में माथा टेका और जैन संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित चैरिटेबल अस्पताल का भी दौरा किया और वहां चल रही संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में बोलते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि जैन सन्तों ने समाज को हमेशा सच्चाई का रास्ता दिखाया है।

प्रदेश और केंद्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भगवान महावीर जी के संदेशों को सामने रखकर ही काम कर रही है।

...............................................................................

हरियाणा विधानसभा ने जींद जिले की उचाना मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुए यौन उत्पीड़न के आरोपी प्राचार्य के मामले में गठित तथ्यान्वेषी समिति को पुनर्गठित किया है। यह परिवर्तन श्री कंवर पाल के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री का कार्यभार श्रीमती सीमा को दिए जाने के कारण किया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा की समिति में अब स्कूल शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा अध्यक्ष होंगी वहीं परिवहन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल, विधायक भारत भूषण बत्रा व अमरजीत ढांडा सदस्य तथा हरियाणा के महाधिवक्ता विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

यह समिति आरोपी प्राचार्य करतार सिंह के वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2023 तक के कार्यकाल में हुई उन घटनाओं की जांच करेगी जिनकी विधानसभा में गत वर्ष 15 दिसंबर और 18 दिसंबर को चर्चा हुई थी।

...............................................................................

अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव एंव हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने पंचकूला के सेक्टर-6 में बने नागरिक अस्पताल के 11 मंजिला भवन में खामियां छोड़ने का आरोप लगाया है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण का बजट 47 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 113 करोड़ कर दिया गया, लेकिन भवन में उस तरह के इंतजाम ही नहीं किए गए, जो अस्पताल में होने चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि डॉक्टरों के कक्ष, कॉन्फ्रेंस हॉल और मरीजों के वार्ड के अंदर सीवरेज की पाइप दिखाई देती है। कुछ फ्लोर पर एसी डक्ट भी बाहर है। ऐसे में 11 मंजिला बिल्डिंग में जब भी सीवरेज का पाइप लीक होगा या एसी डक्ट कहीं से टपकेगी तो कमरों में बैठना भी दूभर हो जाएगा।

उन्होंने मांग की है कि अब सरकार भवन का विशेष  ऑडिट कराने के बाद ही ठेकेदार को भुगतान करें।

...........................................................................................